आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 24.09.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के सफल पर्वतारोहण अभियानों का किया फ्लैग–इन। कहा– पर्वतारोहियों का साहस और टीम भावना, युवाओं के लिए प्रेरणादायी।
- खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने खरीफ खरीद सत्र 2026–27 की तैयारियों की समीक्षा की। सात लाख मीट्रिक टन धान और 12 हजार मीट्रिक टन मंडुवा खरीद का रखा गया लक्ष्य।
- उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय और विद्या समीक्षा केंद्र का लोकार्पण किया।
- और, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने टिहरी झील को 'एक राज्य– एक वैश्विक पर्यटन गंतव्य' के रूप में विकसित करने के लिए व्यापक मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।

पर्वतारोही दल स्वागत

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी द्वारा संचालित चार सफल पर्वतारोहण अभियानों का फ्लैग–इन किया। इनमें जवाहर पर्वतारोहण व शीतकालीन खेल संस्थान, पहलगाम के साथ संयुक्त माउंट एकांकागुआ अभियान भी शामिल है। माउंट एकांकागुआ की छह हजार 961 मीटर ऊंची चोटी पर छह सदस्यीय दल ने 22 फरवरी को सफल आरोहण किया। वहीं, दल ने नुन–कुन पर्वत श्रृंखला की तीन चोटियों– माउंट कुन, माउंट डेल्टा–41 और माउंट नुन का सफल आरोहण किया। मुख्यमंत्री ने पर्वतारोहियों को बधाई देते हुए उनके साहस, अनुशासन, तकनीकी दक्षता और टीम भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि पर्वतारोहियों की उपलब्धियां युवाओं को साहसिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने के साथ ही उत्तराखंड की पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेंगी।

खरीफ खरीद सत्र

खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने आज देहरादून में आगामी खरीफ खरीद सत्र 2026–27 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इस सत्र में 7 लाख मीट्रिक टन धान और 12 हजार मीट्रिक टन मंडुवा खरीद का लक्ष्य रखा गया है। धान और मंडुवा की खरीद एक अक्टूबर से 31 दिसंबर तक होगी। इस वर्ष साधारण धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 441 रुपये प्रति कुंतल, जबकि ग्रेड–ए धान का 2 हजार 461 रुपये और मंडुवा का 5 हजार 205 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। खाद्य मंत्री ने अधिकारियों को किसानों के लिए क्रय केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही मिल संचालकों को भुगतान की अवधि 72 से घटाकर 48 घंटे करने के निर्देश दिए।

विधानसभा चुनाव तैयारी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने आज प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर भवन की स्थिति, बिजली, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन अधिकारियों और मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण, मतदाता जागरूकता योजना तैयार करने तथा बूथ और विधानसभा स्तर पर आवश्यक कार्मिकों और वाहनों की सूची तैयार करने को कहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिलों को चुनाव संबंधी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

विद्या समीक्षा केंद्र

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज देहरादून में उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय और विद्या समीक्षा केंद्र का लोकार्पण किया। करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से बने इस केंद्र से अब प्रदेश के सभी राजकीय महाविद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं, विद्यार्थियों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम और शिक्षकों के कार्य की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इस अवसर पर डॉ. रावत ने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा व्यवस्था को डेटा, तकनीक, पारदर्शिता और परिणाम आधारित बनाने की दृष्टि से विद्या समीक्षा केन्द्र मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र से शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के स्थानांतरण व पदोन्नति की प्रक्रिया में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र के माध्यम से योजनाओं की प्रगति, संसाधनों का उपयोग और संस्थानों के प्रदर्शन की समीक्षा कर उच्च शिक्षा को और गुणवत्तापरक बनाया जायेगा। साथ ही प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण कर उसका उपयोग नीति निर्माण में किया जायेगा।

कुंजापुरी मेला

टिहरी जिले में स्थित सिद्धपीठ मां कुंजापुरी की धार्मिक और पर्यटन पहचान को बढ़ावा देने वाला 50वां श्री कुंजापुरी पर्यटन विकास मेला 11 से 19 अक्टूबर तक आयोजित होगा। मेले की तैयारियों को लेकर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में आज नरेंद्रनगर में बैठक हुई। मेले के सफल आयोजन के लिए 11 समितियों का गठन कर विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मेले को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए सभी विभागों और समितियों को समन्वय से काम करना होगा।

टिहरी झील

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने टिहरी झील को 'एक राज्य– एक वैश्विक पर्यटन गंतव्य' के रूप में विकसित करने के लिए व्यापक मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। आज सचिवालय में पर्यटन विभाग के साथ बैठक में उन्होंने इसके लिए करीब 8 हजार हेक्टेयर क्षेत्र का समग्र मास्टर और जोनल प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें सरकारी और निजी भूमि को शामिल करते हुए क्षेत्र का सुनियोजित विकास किया जाए। मुख्य सचिव ने झील क्षेत्र में वॉटर स्पोर्ट्स, साहसिक पर्यटन, ट्रैकिंग, प्रकृति, संस्कृति और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने तथा नए ट्रैकिंग मार्ग विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्षभर पर्यटन गतिविधियां संचालित करने के लिए मौसम और जलस्तर के अनुसार गतिविधियों का कैलेंडर तैयार करने को कहा। साथ ही, आसपास के गांवों को पर्यटन से जोड़कर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया।

जनगणना/चमोली

चमोली जिले के 25 हिमाच्छादित गांवों में जनगणना–2027 का करीब 80 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। अब तक एक हजार 800 से अधिक परिवारों के आंकड़े का मिलान किया जा चुका है। जिला प्रशासन की टीमें गांवों में पहुंचकर जनगणना कार्य का भौतिक सत्यापन कर रही हैं। प्रशासन के अनुसार, सर्दियों में परिवारों के निचले क्षेत्रों की ओर पलायन को देखते हुए जनगणना का कार्य समय पर पूरा करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने अधिकारियों को परिवारों की जानकारी सही और पूर्ण रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

सेवा संकल्प अभियान

उत्तरकाशी जिले के राजकीय इंटर कॉलेज चिन्यालीसौड़ में सेवा संकल्प अभियान के तहत आज बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। कैबिनेट मंत्री और जिला प्रभारी सौरभ बहुगुणा ने शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। शिविर में लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं और पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता राशि के चेक दिए गए। कैबिनेट मंत्री ने मत्स्य विभाग के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो नदियों और प्राकृतिक जलाशयों में मत्स्य बीज डालने और मत्स्य पालकों को बीज उपलब्ध कराने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार

'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' की भावना के साथ योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचा रही है।

मुख्य समाचार एक बार फिर–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के सफल पर्वतारोहण अभियानों का किया फ्लैग–इन। कहा– पर्वतारोहियों का साहस और टीम भावना, युवाओं के लिए प्रेरणादायी।
- खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने खरीफ खरीद सत्र 2026–27 की तैयारियों की समीक्षा की। सात लाख मीट्रिक टन धान और 12 हजार मीट्रिक टन मंडुवा खरीद का रखा गया लक्ष्य।
- उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय और विद्या समीक्षा केंद्र का लोकार्पण किया।
- और, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने टिहरी झील को 'एक राज्य– एक वैश्विक पर्यटन गंतव्य' के रूप में विकसित करने के लिए व्यापक मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।